# गिरिडीह कॉलेज, गिरिडीह

## सूचना

निदेशक उच्च शिक्षा, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार, राँची के पत्रांक RUSA/Others-5/2020/HTESD/365 राँची दिनांक 31/07/2026 के संबंध में सूचित करना है कि वैसे विद्यार्थी जिनका उम्र 18 वर्ष अथवा उससे अधिक आयु के पात्र युवाओं का मतदाता सूची में शत प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित करना है। इसी क्रम में विभाग द्वारा दिनांक 05/08/2026 को पूर्वाह्न 11.00 बजे से अपराह्न 1.00 बजे तक सभी प्रमुख सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर # NEW VOTERS अभियान का आयोजन में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करते हुए सभी पात्र विद्यार्थी का मतदाता सूची में शत-प्रतिशत निबंधन सुनिश्चित करें।

03/8/26

प्राचार्य

PRINCIPAL
GIRIDIH COLLEGE
GIRIDIH

03/8/26

प्रतिलिपिः-

1.सभी कार्यक्रम पदाधिकारी NSS-I & II
गिरिडीह कॉलेज, गिरिडीह

2.केयर टेकर, NCC गिरिडीह कॉलेज, गिरिडीह

3.विद्यार्थियों के सूचनार्थ, गिरिडीह कॉलेज फेसबूक पेज, टेलीग्राम वेबसाइट

To
Sch
01/08/26

झारखण्ड सरकार
## उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग
**(झारखण्ड राज्य उच्च शिक्षा परिषद्)**
योजना भवन, नेपाल हाउस, डोरण्डा, राँची–834002 (झारखण्ड)

(3)
01/8/26

पत्रांक–RUSA/Others-5/2020/HTESD- 365 राँची / दिनांक– 31/07/2026

प्रेषक,

**सुधीर बाड़ा, भा.प्र.से.**
निदेशक, उच्च शिक्षा।

सेवा में,

**कुलसचिव,**
झारखण्ड राज्य सभी राजकीय एवं निजी विश्वविद्यालय

**कुलसचिव,**
डीम्ड विश्वविद्यालय, झारखण्ड

**निदेशक**
बी0आई0टी0 सिन्दरी

**प्राचार्य / प्राचार्या**
सभी अंगीभूत एवं सम्बद्ध महाविद्यालय, झारखण्ड
सभी राजकीय अभियंत्रण एवं पोलीटेक्निक महाविद्यालय, झारखण्ड

To,
NSS Program officer Unit I & II
and NCC Caretaker
03/08/2026

PRINCIPAL
GIRIDIH COLLEGE
GIRIDIH

विषयः– **पात्र युवाओं का मतदाता सूची में पंजीकरण एवं #New Voters Social Media अभियान से संबंधी दिनांक–03.08.2026 को ऑनलाईन बैठक में भाग लेने के संबंध में।**

प्रसंगः– मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी–सह–सचिव, मंत्रिमण्डल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड का पत्रांक सं0–1610 दिनांक–31.07.2026

महाशय / महाशया,

उपर्युक्त विषय के संबंध में सूचित करना है कि दिनांक–05.08.2026 को पूर्वा0 11:00 बजे से अप0 1:00 बजे के दौरान विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर #New Voters अभियान का आयोजन किया जा रहा है। उक्त अभियान में विश्वविद्यालय / महाविद्यालय / संस्थान द्वारा सभी पात्र विद्यार्थियों को मतदाता सूची में शत–प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित किया जाना अनिवार्य है। इस संबंध में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी–सह–सचिव, मंत्रिमण्डल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड की अध्यक्षता में दिनांक–03.08.2026 को पूर्वा0 11:00 बजे से उक्त अभियान के तैयारी हेतु Zoom Meeting आयोजित की गई है। बैठक का लिंक निम्नवत है:–

**https://us06web.zoom.us/j/82602258022?pwd=DLD41wYZfDMBXGs2djcNaIvcuBRn1Q.1**
**Meeting chat link :** https://us06web.zoom.us/launch/jc/82602258022
**Meeting ID:** 826 0225 8022
**Passcode:** 717423

अतः अनुरोध है कि स्वयं के साथ संस्थान के पदाधिकारी / शिक्षकगण उक्त ऑनलाईन बैठक में अनिवार्य रुप से भाग लेने की कृपा की जाए। साथ ही दिनांक–05.08.2026 को आयोजित होने वाले #New Voters अभियान में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करते हुए सभी पात्र विद्यार्थियों का मतदाता सूची में शत–प्रतिशत निबंधन सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक कार्रवाई करें।

विश्वासभाजन
31.7.26
**(सुधीर बाड़ा)**
निदेशक, उच्च शिक्षा।

ज्ञापांक–RUSA/Others-5/2020/HTESD- 365 राँची / दिनांक– 31/07/2026

**प्रतिलिपिः**–मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी–सह–सचिव, झारखण्ड / विभागीय प्रधान सचिव के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

31.7.26
**निदेशक, उच्च शिक्षा।**

"My India My Vote"

झारखण्ड सरकार
मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग,
सेक्टर–2, धुर्वा, राँची।

पत्रांक 01/नि0वि0–22–42/2025/1610                                    राँची, दिनांक 31/07/2026

प्रेषक,

के0 रवि कुमार,
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी–सह–सचिव।

सेवा में,

निदेशक, उच्च शिक्षा, झारखण्ड।
निदेशक, तकनीकि शिक्षा, झारखण्ड।

विषय :– मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR)–2026 के दौरान पात्र युवाओं का मतदाता सूची में पंजीकरण एवं #NewVoters सोशल मीडिया अभियान के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा झारखण्ड राज्य में संचालित मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण, 2026 के अन्तर्गत सभी पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित किए जाने हेतु व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में 18 वर्ष अथवा उससे अधिक आयु के पात्र युवाओं का मतदाता सूची में शत–प्रतिशत पंजीकरण अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसी क्रम में विभाग द्वारा दिनांक 05.08.2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक सभी प्रमुख सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर #NewVoters अभियान आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य पात्र युवाओं को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने हेतु जागरूक एवं प्रेरित करना है।

उक्त अभियान की तैयारी एवं आवश्यक दिशा–निदेश प्रदान करने हेतु दिनांक 03.08.2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से Zoom Meeting आयोजित की गई है। उक्त Zoom Meeting का Link इस पत्र के साथ संलग्न है।

अतः अनुरोध है निर्धारित तिथि एवं समय पर स्वयं Zoom Meeting में सहभागिता सुनिश्चित करें। अपने विभाग के अधीन संचालित सभी विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों, अभियंत्रण महाविद्यालयों, पॉलिटेक्निक संस्थानों, आई.टी.आई. एवं अन्य उच्च एवं तकनीकी शिक्षण संस्थानों के प्राचार्यों/निदेशकों को भी उक्त Zoom Meeting में अनिवार्य रूप से सम्मिलित होने हेतु निर्देशित करने की कृपा की जाय।

साथ ही उक्त सभी शैक्षणिक संस्थानों को निदेशित किया जाय कि वे दिनांक 05.08.2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे के दौरान #NewVoters अभियान में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करते हुए अपने संस्थान के सभी पात्र विद्यार्थियों का मतदाता सूची में शत–प्रतिशत निबंधन सुनिश्चित कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई करें।

लोकतांत्रिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। अतः सभी पात्र विद्यार्थियों का मतदाता सूची में शत–प्रतिशत निबंधन सुनिश्चित कराने हेतु आपके विभाग का सक्रिय सहयोग अपेक्षित है।

विश्वासभाजन

अनुलग्नक :– यथोक्त।

31/7/26

(के0 रवि कुमार)
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी–सह–सचिव।